# विधान सभा सचिवालय

# मध्यप्रदेश

# समाचार

## षोडश (16वीं) मध्यप्रदेश विधान सभा के सप्तम सत्र की अधिसूचना जारी

भोपाल, दिनांक 29 अक्टूबर, 2025

मध्यप्रदेश की सोलहवीं विधान सभा का सप्तम सत्र सोमवार, दिनांक 1 दिसम्बर, 2025 से आरंभ होकर शुक्रवार, 5 दिसम्बर, 2025 तक चलेगा। राज्यपाल महोदय द्वारा अनुमोदित तदाशय की अधिसूचना विधान सभा सचिवालय द्वारा आज जारी कर दी गई है।

विधान सभा के प्रमुख सचिव श्री अरविंद शर्मा के अनुसार इस 5 दिवसीय सत्र में सदन की कुल 4 बैठकें होंगी, जिसमें महत्वपूर्ण शासकीय कार्य संपादित किए जायेंगे।

इस हेतु विधान सभा सचिवालय में अशासकीय विधेयकों की सूचनाएं 4 नवम्बर, 2025 तथा अशासकीय संकल्पों की सूचनाएं 20 नवम्बर, 2025 तक प्राप्त की जावेंगी। जबकि स्थगन प्रस्ताव, ध्यानाकर्षण, नियम 267 - क के अधीन सूचनाएं विधान सभा में 25 नवम्बर, 2025 से कार्यालय में पूर्वान्ह 11:00 बजे अपराह्न 4:00 तक प्राप्त की जावेंगी।

उल्लेखनीय है कि मध्यप्रदेश की सोलहवीं विधान सभा का यह सप्तम सत्र होगा।

विस/जसं/25

नरेंद्र मिश्रा

अवर सचिव